# 'धर्म व अमीरी-गरीबी की खाई को पाट कर ही भारत को पुरावैभव की ओर ले जाया जा सकता है'

**उदयपुर,** (कासं)। ०आदिवासी और घुमन्तु जातियां राष्ट्र की वो थाती है जिसने सदैव हमारे संस्कारों और संस्कृति को बचाए रखने क कार्य किया है और आज स्थिति ये है उनके अस्तित्व को बचाए रखने के लिए प्रयास करने पड रहे है। तत्कालीन विदेशी शासकों ने अपने हितों की पूर्ति के लिए इनकी सांस्कृतिक विरासत समाप्त कर समाज से दूर अंतिम पायदान में पटक दिया। समाज से उपेक्षित होकर भी आज ये जातियां समाज को अपेक्षा की नजारों से देख रही है। देश में आज भी कुछ ताकतें छोटी जातियों के अस्तिव को मिटा देश को कमजोर करना चाहती है। हम सभी को सामाजिक समरसता को अपनाकर पीछे छूट रही इन जातियों को मुख्य धारा से जोडने के प्रयास कर देश की उन्नति का आधार तैयार करना होगा। आदिवासियों का संबंध तो द्वापर युग में भगवान राम से रहा है।

देश में आज विघटनकारी ताकतें आदिवासियों से उनके हिन्दू होने का हक छिन रही है जबकि संस्कारों और धार्मिक रिवाजों में आदिवासी हिन्दू रीति रिवाजों को ही मानते आए है। उक्त विचार जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि एवं घुमंतू जाति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में सिकलीगर समुदाय संस्कृति, विरासत और उत्थान विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजस्थान सरकार के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबू लाल खराडी ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देश में धर्म और अमीरी गरीबी की खाई को पाट कर ही भारत को उससे पुरावैभव की ओर ले जाया जा सकता है।



**फोटो-9सिकलीगर समुदाय संस्कृति, विरासत और उत्थान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते बाबू लाल खराड़ी व मंचासीन कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत व अन्य।**

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि भारत का गौरवशाली इतिहास सभी जातियों और समाजों का सममिश्रित प्रभाव है किन्तु कई युद्वों और लडाईयों की विजयगाथा लिखने में सीकलीगर समुदाय की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस समुदाय के विशेष तकनीकी कौशलों द्वारा निर्मित हथियारों का कोई सानी नहीं है। वर्तमान में यह समुदाय समय के थपेड़ो और उत्थान के समुचित प्रयासों के अभाव में हाथिए पर आ गया है। संस्थान ने इस समुदाय को पुन इसकी गौरवशाली पहचान दिलाने की कोशिशों की कडी में संगोष्ठी का आयोजन किया है।

मुख्य वक्ता आरएसएस के राजस्थान क्षेत्र सेवा प्रमुख शिव लहरी ने कहा कि अंग्रेजों की गलत नीतियों के कारण देश की कई जातियों और समुदायों से उनका सम्मान और जीवन जीने तक का अधिकार छीन लिया। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, राष्ट पति सम्मान से सम्मानित गोपीलाल लौहार ने भी सिगलीकर समाज की स्थिति और उनके उत्थान हेतु अपने सुझाव देते हुए कहा कि कला की कोई जाति नहीं होती है। दो तकनीकी सत्रों में अतिरिक्त महाधिवक्ता एडवोकेट डॉ. प्रवीण खण्डेलवाल, डॉ. प्रशांत पौराणिक, डॉ. मनीष श्रीमाली, ज्ञानी जी, राजेन्द्र सिकलीकर, शक्तिधर सुमन, जीएल गाडरी, प्रवीण जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और प्रतिभागियो द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया। प्रारंभ में चित्तौड प्रांत अध्ययन प्रमुख प्रो. वीणा सनाढ्य ने अतिथियों का किया।हस्पशिल्प कला और घुमन्तु समुदाय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिल्पकार देपाला सिंह बावरा, सरदार मगन सिंह भाटिया, जितेन्द्र सिंह टकराना, अंतरसिंह बरनाला, किशोर सिंह खालसा, औंकारलाल लौहार, लालचंद सिकलीगर,हिम्मत लौहार, गोपीलाल लौहार, राजेन्द्र सिकलीगर, मनोहर पंवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर घुमन्तू जाति उत्थान न्यास से क्षेत्र घुमन्तु प्रमुख महेन्द्र सिंह, महावीर शर्मा, विभागसंघ चालक हेमेंन्द्र श्रीमाली, प्रांत से प्रभूलाल कालबेलिया, पुष्कर लौहार, डॉ. वीणा सनाढ्य, मगन जोशी, नरेन्द्र सोनी, रमन सूद, विभाग से सुरेन्द्र खराडी और महानगर से चुन्नीलाल पटेल, पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी केके कुमावत, विजय प्रकाश विप्पलवी, विद्यापीठ के रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियन्त्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड, एडवोकेट दिनेश गुप्ता, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. कला मुणेत, प्रो. मंजू मांडोत, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. रचना राठौड, डॉ. अमी राठौड, डॉ. हीना खान, डॉ. नीरू राठौड, डॉ. सपना श्रीमाली सहित देशभर से आए विद्वानों, समाज के प्रतिनिधियों व नागरिकों की उपस्थिति रही।

- **सिकलीगर समुदाय संस्कृति, विरासत और उत्थान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**
- **'देश में आज भी कुछ ताकतें छोटी जातियों के अस्तिव को मिटा देश को कमजोर करना चाहती है'**

## सेमीनार का आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालयमें प्राणीशास्त्र स्नातकोतर परिषद के तत्वावधान में पीसीओएस पर सेमीनार आयोजित किया गया। आयोजन सचिव डॉ मीनाक्षी माहुर ने बताया कि सेमीनार में मुख्य वक्ता डॉ के आर शर्मा, एंड्रोलॉजिस्ट एवं प्रोफेसर एमेरिटस, पेसिफिक मेडिकल कॉलेज बेदला एवं हॉस्पिटल तथा डॉ आकांशा शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सक ने छात्राओं को पी सी ओ एस जागरूकता माह मनाने का तथा इस समस्या के प्रति जागरूकता और एक सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सेमिनार समन्वयक डॉ कानन सक्सेना ने विषय प्रवर्तन करते छात्राओं से संवाद करते हुए पाया कि वे पीसीओएस की समस्या से ग्रसित हैं , इस कारण सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में महाविद्यालय की 135 छात्राओं, शोधार्थियों तथा संकाय सदस्यों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी ने बताया कि इस सेमिनार से छात्राओं में जागरूकता बढ़ेगी। सेमिनार के प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ के. आर. शर्मा ने शरीर मे जनन हॉमीन की कमी व अधिकता से होने वाली शारीरिक समस्याओं के बारे मे समझाते हुए छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ आकांशा शर्मा ने आयुर्वेद की महत्ता का महत्व बताते हुए कहा कि पीसीओएस जागरूकता माह का उद्देश्य इससे प्रभावित लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करना और उनके लक्षणों को दूर करने के साथ-साथ मधुमेह, हृदय रोग, फैटी लिवर रोग और कैंसर जैसी बीमारियों के जोखिम को रोकने और कम करने में मदद करना है।

## सार-समाचार

### दरगाह शरीफ पर जायरीन उमड़े

**कपासन,** (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रबिउल अव्वल की चांद रात पर जायरीन उमड़े। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बुधवार को रबिउल अव्वल की चाँद रात पर प्रातः काल से सांयकाल तक जायरीन की भारी आवक रही। दिन भर चादर शरीफ, इत्र, फूल, अगरबत्ती पेश करने का सिलसिला चलता रहा। अहाता ए नूर मे महफिले मिलाद का अहतमाम किया गया एवं कव्वाल हज़रात ने बारी-बारी से नात शरीफ व मनकबत पेश कर दाद बटोरी। सांयकाल को चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो-सुकून व बिमारी से शिफायाबी की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदा से दरगाह परिसर गूंज उठा। दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी के अनुसार जी.बी.एच. जनरल एवं केंसर हॉस्पिटल एवं वक्फ कमेटी दरगाह शरीफ के संयुक्त तत्वाधान मे दरगाह शरीफ के मिटिंग हॉल मे शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमे मार्केटिग मेनेजर सुबोध जार्ज, विवेक अठावाल, हरिश शर्मा की मोजूदगी मे डॉ. विकास आर्थोपेडिक, डॉ. राहुल जनरल मेडेसिन, डॉ. वैद प्रकाश चोहान गायनोलॉजिस्ट, डॉ. राहुल पेडियाट्रिक ने पुरी टीम के साथ रोगियो की जाँच कर निः शुल्क दवाईयाँ वितरीत की। वक्फ कमेटी सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी, हाजी अब्दुलरहमान, असलम शैख आदि के साथ दरगाह कर्मचारी एवं स्वयं सेवक ने अपनी सेवाऐं दी।

### पैसिफिक में शिक्षक दिवस मनाया

**उदयपुर,** (कासं)। पैसिफिक यूनिवर्सिटी के विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया जिसमें विवि के सभी गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर विवि के अध्यक्ष प्रो. हेमंत कोठारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रेरित किया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन शिक्षा के अवसरों का लाभ उठाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. दिलेन्द्र हीरन ने कहा छात्र के जीवन के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। और छात्र को सफलता के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन प्रो. रमेश्वर अमेटा ने शिक्षकों और पुस्तकों के बीच संबंध की गहरी महत्ता पर विचार व्यक्त किए।आयोजन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे, जिनमें डॉ. अक्षत सिंह झाला और डॉ. राजू स्वामी इंजीनियरिंग संकाय डॉ. दिव्या शेखावत कंप्यूटर एप्लीकेशन संकाय तथा डॉ. पारस ताक बेसिक साइंस एंड टेक्नोलॉजी संकाय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। केफे संचालक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार शौभागपुरा स्थित फ्रेंण्डस केफे संचालक बडगांव निवासी देवीसिंह पुत्र खेमसिंह रावत के साथ 3 सितंबर को आरोपी सुनील, अनिल व साथियों ने मारपीट की तथा अनिल ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक कैलाशचन्द्र के सुपविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में एएसआई ओमप्रकरश ने हमलावर आरोपी युपी हाल प्रेमनगर कॉलोनी सुखेर निवासी अनिल पुत्र पवन राजपूत को गिरफ्तार किया। घटना वाले दिन सुनिल, अनिल व साथी केफे पर इंटीरियर का काम कर रहे थे। जहां काम पूरा करने को लेकर दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी को लेकर मारपीट व चाकू से हमला करने की जानकारी सामने आई।

### हादसे में श्रमिक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पर ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषभदेव थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक बाबूलाल (44) पुत्र रामजी निवासी सरू गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मोत हो गई। एएसआई इश्वर ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। बाबूलाल बाइक पर अहमदाबाद से उदयपुर की तरफ आ रहा था। इस दौरान पीछे से ट्रक आ रहा था। जिसने बालाजी होटल राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बाइक को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### गणेश महोत्सव को लेकर बैठक

**देवगढ़,** (निसं)। नगर में श्री गणपति सेवा नगर मण्डल श्री कुंज बिहारी जी का चौक में आगामी त्योहार गणपति महोत्सव 7 से 17 सितंबर तक गणपति सेवा नगरमंडल कुंज बिहारी जी का चौक मैं 11 दिवसीय महोत्सव मनाया जाएगा।नगर संयोजक कैलाश राणा ने जानकारी देते हुए बताया की इस अयोजन को सफल बनाने के लिए हिंदू युवाओं को अलग-अलग कार्यभार सौंपा गया है। उक्त 11 दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही महाआरती एवं शोभायात्रा गणपति विसर्जन पर चर्चा की गई।इस दौरान श्री कुंज बिहारी मंदिर पुजारी अक्षय कुमार साँचीहार,ऋषभ राणा, प्रवीण सिंह , प्रदीप सिंह चौहान, अमन सिंह, तुषार पालीवाल, रितीक वैष्णव, मयंक सिंह, सुरेन्द्र सिंह सिसोदिया, खुश जांगिड,लक्षित ओझा, आकाश गायरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नकदी लूटी

**उदयपुर,** (कासं)। झाड़ोल थाना क्षेत्र में बदमाश पीडित से मोबाईल व नकदी लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार निचली सिगरी निवासी शांतिलाल पुत्र रणछोड़लाल 31 अगस्त को बाइक पर झाड़ोल से किरीट की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते किरट महादेव के समीप बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक कर मारपीट की तथा मोबाईल व 10 हजार रूपये नकदी लूट ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई दिनेश कुमार कर रहे है।

# 'कुशलगढ़ में 31 करोड़ की लागत से चिकित्सालय बनेगा'

**कुशलगढ़,** (निसं)। आज राजस्थान के कैबिनेट जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी कुशलगढ़ उप जिला अस्पताल की भूमि पूजन शिलान्यास समारोह कार्यक्रम में पहुंचे कुशलगढ़ पंचायत समिति परिसर में 31 करोड़ की लागत से बनने वाले यूपी जिला चिकित्सालय का जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया।

जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने आमसभा को कहा कि कुशलगढ्ढ में 31 करोड़ की लागत से चिकित्सालय बनेगा जिसमें सभी तरह की सर्व सुविधा उपलब्ध की जाएगी जिससे लोगों को गुजरात के बड़े अस्पताल और राजस्थान मध्य प्रदेश के बड़े अस्पतालों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने गरीब आदिवासी बच्चों के लिए 35 और अन्य जाति के लिए 40 का कानून बनाया है जिससे आदिवासी क्षेत्र का बच्चा कलेक्टर एसपी बने हमने राजस्थान जनजाति क्षेत्र के लिए कई योजनाएं भी बना रहे हैं उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने छोटे-छोटे गांव को सड़क से जोड़ा गया है वही हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने हर घर में बिजली हो जिसको लेकर योजनाएं बनाई है जो आज लोगों के घर में लाइट दिखाई दे रही है उन्होंने महिलाओं के लिए उज्जवला गैस योजना लागू करके हर घर में गैस की सुविधाओं यहभी योजना लागू की है। पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र मालवीया ने कहा कि जब मैं जनजाति मंत्री था तब कुशलगढ्ढ क्षेत्र में जनजाति छात्रावास ऐनिकट तालाब सडके स्कूल भवन सामुदायिक भवन गांव में अस्पताल आदि का विकास कराया गया उन्होंने कहा कि जहां विरोध होगा वहां विकास नहीं होगा जहां विकास होगा वहां विरोध नहीं होगा तभी विकास संभव होगा।

## बड़ी तालाब छलका

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के बीच स्थित 32 फीट क्षमता वाला सबसे बड़ा तालाब बड़ी तालाब भी लगातार आवक के चलते बुधवार देर रात छलक गया और गुरूवार सुबह इस पर चादर चलने लगी। इधर, शहर की लाइफलाइन फतहसागर झील भी छलकने के करीब पहुंच चुकी है। 13 फीट क्षमता पार करने बाद इसके गेट कभी भी खोले जा सकते है। इसका जलस्तर 12 फीट को पार कर गया है। ऐसे में संभवतः शनिवार तक यह 13 फीट को पार कर जाएगा और इसके बाद इसके गेट खोल दिए जाएंगे।उदयपुर शहर में गुरूवार को बारिश का दौर रूक-रूक कर जारी रहा हालांकि केचमेंट भी बारिश का दौर रूका है जिससे उफान पर चल रहे नदी-नालों का फ्लो कुछ कम पड़ा है। सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रातः 8 बजे तक सीसारमा नदी 6 फीट 1 इंच बह रही थी। इसका वेग दिनभर में और भी कम हो गया।

# कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ धोखा किया : सांसद जोशी

- **सांसद ने पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा के बयान पर किया पलटवार**
- **'उनके समय बिना रिश्वत के नहीं होते थे ट्रांसफर'**

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मेवाड दौरे पर कहा था कि प्रदेश में सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। इस पर राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और चित्तौडगढ सांसद सीपी जोशी ने गुरुवार को पलटवार किया। सांसद ने कहा कि उनके समय बिना पैसे ट्रांसफर नहीं होते थे।

उदयपुर में पटेल सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद जोशी ने कहा कि डोटासरा के समय में शिक्षक कुर्सी पर उछल-उछल कर कह रहे थे कि बिना पैसे के ट्रांसफर नहीं होते। हमारी भजनलाल सरकार ने इन 9 महीने में 450 रुपए में सिलेंडर पहले 30 दिन में ही देना शुरू किया जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में अंतिम चार महीने में 500 रुपए में सिलेंडर देने का काम शुरू किया था। यही नही किसान निधि की राशि बढा कर दुगुनी की गई वही कल्याणकारी पेंशन राशि में भी वृद्धि की गई,यह है भाजपा सरकार के अल्प कार्यकाल में किये गए कार्यो की जानकारी। जोशी ने कहा कि कोई भी अपराधी हो या तो वो राजस्थान में आएगा ही नहीं और आएगा तो जाएगा नहीं। यहां कानून व्यवस्था को लेकर सरकार ने अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे डाला है। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है।

डोटासरा के उप चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की हार के बयान पर किए सवाल पर जोशी ने कहा की डोटासरा तो विधानसभा चुनाव में भी कह रहे थे कि कांग्रेस की 156 सीटें आ रही है। जनता ने उनको आईना दिखा दिया इसलिए भ्रम पैदा करने में वे माहिर है लेकिन अब प्रदेश की जनता उस भ्रम में आने वाली नहीं है। सदस्यता अभियान के बारे में बताते हुए सी पी जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री को सदस्य बनाकर एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री को सदस्य बनाकर संपूर्ण राष्ट्र में सदस्यता अभियान को प्रारंभ कर दिया गया है। अब हर जिले से लेकर बूथ पर सदस्यता अभियान पर काम किया जा रहा है।

# वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का इवेंट पोस्टर व रेस डे जर्सी लॉन्च

**उदयपुर,** (कासं)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 29 सितंबर को आयोजित होने वाली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के शुभारंभ की घोषणा के साथ ग्रामीण कुपोषण से बचाव हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इस ऐतिहासिक आयोजन के उपलक्ष्य में, कंपनी ने आधिकारिक मैराथन पोस्टर लॉन्च किया, जिसमें जिंक सिटी के रूप में भी जाने जाने वाले उदयपुर में रन फॉर जीरो हंगर के नेक उद्धेश्य से उपस्थित अतिथियों को रूबरू कराया। दौड के दिन की आधिकारिक जर्सी, का अनावरण, उदयपुर कलेक्टर अरविंद पोसवाल, उदयपुर के पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल लांबा, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ एवं मैराथन धावक अरुण मिश्रा और एनीबडी कैन रन, एबीसीआर के संस्थापक डॉ. मनोज सोनी की उपस्थिति में किया । जिसमें शांत फतेह सागर झील का प्रतिनिधित्व करने वाले शानदार नीले रंग शामिल है। हिंदुस्तान जिंक द्वारा आयोजित वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन, एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन (एआईएमएस) और डिस्टेंस रेस का आधिकारिक सदस्य है, जिसे एआईएमएस प्रमाणन प्राप्त है। विश्व स्तर पर प्रशंसित इस दौड कैलेंडर में सूचीबद्ध यह मैराथन एक असाधारण अनुभव होगी, जिसका मार्ग फतेह सागर झील के चारों ओर एवं अरावली पर्वतमाला मनोरम दृश्यों से पूर्ण होगा।वर्चुअल रूप से शामिल होते हुए, हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने उदयपुर की विरासत, दौड के महत्व और जिंक-पोषक तत्वों से भरपूर भोजन के माध्यम से ग्रामीण कुपोषण से बचाव के महत्वपूर्ण कारण के बारे में बात की।

कार्यक्रम के आकर्षण में इजाफा करते हुए, विश्व प्रसिद्ध, सैंड आर्टिस्ट सैंड कौशिक ने एक ऐसी कहानी सुनाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें उदयपुर के समृद्ध इतिहास और मैराथन के मिशन का सार समाहित था।

# बाल वाहिनी समन्वय समिति की बैठक

**उदयपुर,** (कासं)। जिला बाल वाहिनी समन्वय समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में समिति अध्यक्ष व जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल की अध्यक्षता तथा प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीख की उपस्थिति में हुई। विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित शहर के प्रमुख विद्यालयों के संचालक-प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मनीष कुमार शर्मा व जिला परिवहन अधिकारी अतुल कुमार शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार परिवहन विभाग की ओर से वर्ष 2017 में जारी बाल वाहिनी संबंधी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक गोयल ने कहा कि बाल वाहिनी को लेकर जारी दिशा-निर्देश अति महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह बच्चों के जीवन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने सभी विद्यालयों को बाल वाहिनी गाइडलाइन की अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बच्चों के मामले में स्कूल प्रबंधन और अभिभावक आपसी समन्वय से कार्य करते हुए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम में जागरूकता जरूरी : डा. बामनिया

**उदयपुर,** (कासं)। वर्तमान में मौसमी बीमारियों को प्रकोप चल रहा हैं। प्रतिवर्ष मानसून के दौरान एवं बाद में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं मच्छर जनित बीमरियों को प्रकोप रहता है । मच्छरों के पनपने का मुख्य साधन रूका हुआ पानी है, जिसमें मच्छर अण्डे देता है। इन अण्डों से लार्वा निकलते हैं तथा कुल सात दिनों में ये लार्वा मच्छर बन जाते हैं। उन्होंने कहा है कि लोग अपने घरों के आसपास के खाली भूखंडों में कचरा नहीं फेंके, जहां पर पानी जमा हो रहा हैं उन पात्रों को खाली कर दें। मलेरिया, डेंगू आदि को रोकने के लिये मच्छरों के प्रजनन को रोका जाना अतिआवश्यक है। ये बातें गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.शंकर लाल बामनिया ने सूचना केंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

- **डॉ. बामनिया ने बताया कि शहर के 12 सेक्टर में 30 से ज्यादा टीमें सर्वे व लोगों से समझाईश कर रही है**



**सीएमएचओ डॉ शंकर बामनिया, डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।**

डॉ. बामनिया ने कहा कि मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिये जहां पानी जमा होता हैं तथा जिन पात्रों में पानी जमा हो रहा हैं उन पात्रों को अतिशीघ्र खाली किया जाना आवश्यक हैं। डॉ. बामनिया ने बताया कि इन दिनों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन अभियान ''स्वास्थ्य दल - आपके द्वार'' कार्यकम चलाया जा रहा हैं जिसमें विभाग की आशा सहयोगिनी, एएनएम एवं एलएचवी के साथ ही चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी घर-घर सर्वे किया जा रहा हैं। बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाइड लेकर जांच करवायी जा रही हैं, साथ की मच्छरों के पनपने के स्थान पर एन्टी लार्वा एवं एन्टी एडल्ट गतिविधियां सम्पादित की जा रही हैं। उक्त समस्त कार्यवाही की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा की जा रही हैं। डॉ. बामनिया ने बताया कि वर्तमान में उदयपुर शहर क्षेत्र में मेडिकल टीमों तथा नगर निगम के संयुक्त तत्त्वावधान में विशेष अभियान के तहत् सर्वे कार्य किया जा रहा हैं। नगर निगम क्षेत्र में सभी वार्डों में फोगिंग भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर के 12 सेक्टर में 30 से ज्यादा टीमें सर्वे व लोगों से समझाईश का कार्य कर रही है। इस कार्य में शहर के 24 नर्सिंग कॉलेज का सहयोग भी लिया जा रहा है। डॉ बामनिया ने कहा कि फिल्ड सर्वे के दौरान कुछ समस्यों सामने आती हैं जब घर मालिक अपने घर के आसपास साफ-सफाइ तो रखते हैं परंतु घर के अन्दर कई पात्रों में पानी जमा रहता है जो कि मच्छरों के पनपने का मुख्य साधन हैं। जमा पानी को जमीन पर उड़ेल कर पात्रों को रगड़ कर अच्छी तरह से साफ कर लेवें।इसी क्रम में डॉ बामनिया ने बताया कि उदयपुर शहर के कुछ क्षेत्रों में डेंगू के प्रकरण अधिक रिपोर्ट किये गये हैं डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अंकित जैन ने कहा कि डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए जिला मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

## डिमिया बांध छलका

**डूंगरपुर,** (निसं)। सावन रिता बितने के बाद भाद्र पक्ष में मेघों ने जब अपना मेहर बरसानी प्रारंभ की तो जिले भर के नदी, तालाब, बांध व एनिकट जो एक पखवाडे पहले पूरी तरह रिते पडे हुए थे। अब लगातार बारिश से छलकने लगे। इस दौर में जहां संभाग का दूसरा सबसे बडा बांध सोम कमला आम्बा डेम के आठ गेट एक-एक मीटर तक खोलने पडे है तो वही डिमिया, मारगिया, सहित कई बांध भी छलकने लगे। गुरूवार को जैसे ही डिमिया बांध के छलकने की सूचना आई और सोशियल मिडिया पर ओवरफ्लो का आवक्ष छाने लगा तो शहर की आम जनता की खुशियों का पार नहीं रहा। और हर किसी ने अपने इथेट्स पर लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। पिछले दिनों से बारिश के दौर ने सभी को खुशियों से सरोबार कर दिया।

वर्तमान फसल की अपेक्षा अब आने वाली फसलो एवं पेयजल की समस्या से निजात दिला दी है, लेकिन इन सबके बावजूद शहर की ह्दयस्थली गेपसागर जलाशय में अभी तक पानी नहीं के बराबर आया है जो कि प्रशासनिक दावों की पूरी तरह पोल खोलकर रख रहा है कि जल आवक मार्गो पर हुए अतिक्रमण को हटा दिया गया है।

गुरूवार को भोर से ही रूक रूक कर वर्षा का दौर चल रहा है और दोपहर में तो लगभग एक घण्टे तक अच्छी वर्षा का दौर चला।

# अनुसंधान से उद्योगों को मिल रही है नई दिशा : राठौड़

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन एंड इंजीनियरिंग विभाग के तत्वाधान में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में उन्नत अनुसंधान क्षेत्रों पर एक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। यह ऐक्सपर्ट टॉक इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधान और विकास पर चर्चा करने के लिए रखी गयी थी।

- **गीतांजलि में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में उन्नत अनुसंधान क्षेत्रों पर एक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन हुआ**

संस्थान के निदेशक डॉ एन एस राठौड़ ने नवीनतम तकनीकों पर बात करते हुए कहा कि आज की पूरी तकनीक इलेक्ट्रॉनिक्स पर आधारित है और इस क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान से उद्योगों को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहाए ष्इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी का उन्नत शोध न केवल अकादमिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैए बल्कि यह उद्योग आधारित अनुसंधान के लिए भी नए अवसर प्रदान करता है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनीरिंग की देन है कि आज मानव के दिमाग में चिप लगया जा रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में पधारे सिक्योर मीटर में मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर रह चुके डॉ राजवीर शेखावत ने उभरती प्रौद्योगिकियों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने स्मार्ट हेल्थकेयर और स्मार्ट हॉस्पिटलाइजेशन में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग के योगदान पर विद्यार्थियों एव फैकल्टी मेंबर्स से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे ये प्रौद्योगिकियाँ स्वास्थ्य सेवा को और अधिक कुशलए सुरक्षित और सुलभ बना रही हैं। स्मार्ट हेल्थकेयर में लो.पावर डिवाइसेस के उपयोग पर भी जोर दिया गयाए जो न केवल ऊर्जा की बचत करते हैं बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं।इसके अलावा वक्ताओं ने उद्योग.उन्मुख अनुसंधान पर बल दिया। उन्होंने बताया कि कैसे उद्योगों के साथ सहयोग करके इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में उन्नत अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार के अनुसंधान से न केवल शैक्षणिक क्षेत्र को बल्कि उद्योग जगत को भी लाभ होता हैए क्योंकि यह व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए नए दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के विभगाध्यक्ष डॉ प्रदीप के अनुसार इस एक्सपर्ट टॉक में नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। वार्ता के दौरान छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने इस वार्ता में गहरी रुचि दिखाई और विशेषज्ञों से कई सवाल पूछे। संयोजन डॉ अनुराग पालीवाल दवारा एवं संचालन डॉ अंजलि धाबाई द्वारा किया गया। इस दौरान एमबीए निदेशक डॉ पीके जैन सहित पूरा गीतांजलि परिवार उपस्थित था।



**गीतांजलि एक्सपर्ट टॉक को डॉ एन एस राठोड ने संबोधित किया।**